पत्रांक-1544 दि0 27/6/2022

**दिनांक–17.06.2022 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ की गई विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

उपस्थितिः– यथा संधारित।

दिनांक–17.06.2022 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। बिन्दुवार विशेष सर्वेक्षण की प्रगति एवं दिए गए निदेश निम्नवत् है।

1. **दिनांक– 08.06.2022 को राज्य स्तर से निर्धारित शिविर स्तरीय निरीक्षण कार्यक्रमः**– बैठक में सर्वप्रथम मुख्य सचिव, बिहार से प्राप्त निदेश के अनुपालन में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक– 1249 दिनांक– 27.05.2022 के आलोक में दिनांक– 08.06.2022 को राज्य के सभी 208 विशेष सर्वेक्षण शिविरों में जिला स्तर के पदाधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण एवं रैयतों से प्राप्त समस्याओं के निराकरण संबंधी प्रतिवेदन की समीक्षा की गई।

समीक्षोपरांत 20 जिलों का प्रगति प्रतिवेदन निम्नवत् हैः–

| क्र0 | जिला | शिविर की संख्या | ई–मेल किए गए चेकलिस्ट की संख्या | CVMS इंट्री वाले शिविरों की संख्या | प्राप्त जन शिकायत की संख्या | जन शिकायत ऑनलाईन इंट्री की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | किशनगंज | 17 | 0 | 17 | 0 | 0 |
| 2 | अररिया | 6 | 6 | 5 | 303 | 306 |
| 3 | पूर्णियाँ | 4 | 4 | 1 | 27 | 27 |
| 4 | नालंदा | 17 | 6 | 7 | 45 | 7 |
| 5 | शिवहर | 3 | 6 | 3 | 32 | 29 |
| 6 | सीतामढ़ी | 9 | 8 | 4 | 104 | 40 |
| 7 | प0 चम्पारण | 11 | 13 | 2 | 289 | 222 |
| 8 | अरवल | 13 | 26 | 0 | 78 | 10 |
| 9 | जहानाबाद | 10 | 10 | 4 | 57 | 0 |
| 10 | लखीसराय | 16 | 0 | 0 | 140 | 0 |
| 11 | मुंगेर | 13 | 9 | 0 | 29 | 0 |
| 12 | बांका | 12 | 0 | 4 | 174 | 174 |
| 13 | जमुई | 6 | 5 | 1 | 133 | 59 |
| 14 | बेगूसराय | 19 | | 2 | 170 | 0 |
| 15 | खगड़िया | 7 | | 7 | 302 | 302 |
| 16 | कटिहार | 7 | | 2 | 81 | 58 |
| 17 | मधेपुरा | 6 | 4 | 5 | 139 | 133 |
| 18 | सहरसा | 5 | | 5 | 101 | 0 |
| 19 | शेखपुरा | 15 | | 15 | 32 | 32 |
| 20 | सुपौल | 12 | | 12 | 184 | 5 |

प्रतिवेदन में पाया गया कि अनेक जिलों द्वारा शिविर स्तरीय निरीक्षण प्रतिवेदन को अभी तक भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को उपलब्ध नहीं कराया गया है। कुछ जिलों द्वारा CVMS प्रतिवेदन एवं जन शिकायतों की ऑनलाईन प्रविष्टि नहीं की गई है। बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि प्रविष्टियों को संधारित करने की कार्रवाई की जा रही है एवं एक से दो दिनों के अंदर में सभी प्रविष्टियाँ कर दी जाएगी। बन्दोबस्त पदाधिकारी, अररिया द्वारा बताया गया कि सर्वर की धीमी गति के कारण CVMS एवं अन्य ऑनलाईन प्रविष्टियों को संधारित काफी समय लगता है। जहानाबाद एवं कुछ अन्य पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि ऑनलाईन प्रविष्टि की गई है, किन्तु उसका प्रदर्शन नहीं हो पा रहा है।

निदेशित किया गया कि एक दिवसीय निरीक्षण से संबंधित सभी प्रविष्टियों को एक से दो दिनों के अंदर संधारित करना सुनिश्चित किया जाए। किशनगंज में जन शिकायतों की प्रविष्टि शून्य रहने के संबंध में सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए। यह भी निदेशित किया गया कि जिन जिलों में डाटा इंट्री ऑपरेटरों द्वारा ऑनलाईन प्रविष्टि किए जाने के संबंध में गलत प्रतिवेदन अपने बन्दोबस्त पदाधिकारी को उपलब्ध कराया गया है, उनके संबंध में बन्दोबस्त पदाधिकारी के स्तर से कार्रवाई करने के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त किया जाए।

2. <u>वैसे राजस्व ग्राम जहाँ दो माह से अधिक किस्तवार एवं खानापुरी कार्य लंबित है</u>:– समीक्षोपरांत प्रतिवेदन निम्नवत् है:–

| क्र0 | जिला | 60 दिनों से अधिक किस्तवार कार्य में लगे समय वाले मौजों की संख्या | 60 दिनों से अधिक खानापुरी कार्य में लगे समय वाले मौजों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | किशनगंज | 3 | 3 |
| 2 | अररिया | 7 | 4 |
| 3 | पूर्णियाँ | 3 | 1 |
| 4 | नालंदा | 79 | 107 |
| 5 | शिवहर | 15 | 3 |
| 6 | सीतामढ़ी | 11 | 0 |
| 7 | प0 चम्पारण | 22 | 81 |
| 8 | अरवल | 1 | 0 |
| 9 | जहानाबाद | 0 | 0 |
| 10 | लखीसराय | 19 | 25 |
| 11 | मुंगेर | 24 | 105 |
| 12 | बांका | 14 | 22 |
| 13 | जमुई | 3 | 10 |
| 14 | बेगूसराय | 78 | 15 |
| 15 | खगड़िया | 2 | 1 |
| 16 | कटिहार | 34 | 12 |
| 17 | मधेपुरा | 25 | 11 |
| 18 | सहरसा | 11 | 22 |
| 19 | शेखपुरा | 3 | 61 |
| 20 | सुपौल | 25 | 55 |

दो माह से अधिक किस्तवार एवं खानापुरी कार्य के लिए लंबित राजस्व ग्रामों के संबंध में बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि एक अमीन को एक साथ दो राजस्व ग्रामों का मानचित्र उपलब्ध कराए जाने की स्थिति में किसी एक ग्राम में किए जानेवाले किस्तवार, खानापुरी कार्य की समयावधि अधिक हो जाती है। अरवल एवं अन्य बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि कुछ ग्रामों के नगर निकाय में सम्मिलित होने के कारण उनमें अग्रेतर कार्रवाई स्थगित की गई है। साथ ही यह भी बताया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा गलत नक्शा एवं समय पर Parent Child Relationship Data एवं Area Statement समय पर नहीं दिए जाने के कारण भी विलंब होता है।

निदेशित किया गया कि जिन कर्मियों के स्तर से दो माह एवं अधिक अवधि के किस्तवार एवं खानापुरी कार्य लंबित है, उनकी जिला स्तर पर गहन समीक्षा कर कार्य में शिथिलता दिखाने वाले कर्मियों की सेवा समाप्ति की स्पष्ट अनुशंसा भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को की जाए। वैसे सभी ग्राम जो नगर निगम में सम्मिलित हो गए हैं, उन्हें सॉफ्टवेयर से हटाते हुए समीक्षा प्रतिवेदन से भी हटा दिया जाए। हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा Parent Child Relationship Data एवं Area Statement ससमय शिविरों को उपलब्ध कराया जाए एवं नक्शों में त्रुटि रहने की स्थिति में तुरंत एजेंसी एवं शिविर द्वारा आपस में समन्वय स्थापित कर त्रुटियों को दूर किया जाए।

3. **<u>जिला द्वारा निर्धारित मौजावार लक्ष्य प्राप्ति संबंधित प्रतिवेदनः</u>**– बैठक में पूर्व की समीक्षात्मक बैठक में अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा दिनांक–15.06.2022 तक जिलावार प्रारूप अधिकार–अभिलेख प्रकाशित किए जाने वाले ग्रामों के लक्ष्य की समीक्षा की गई एवं समीक्षोपरांत प्रतिवेदन निम्नवत् पाया गया:–

| क्र0 | जिला | दिनांक– 15.06.2022 तक प्रारूप प्रकाशन हेतु निर्धारित मौजों की संख्या | दिनांक– 15.06.2022 तक प्रारूप प्रकाशित मौजों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | किशनगंज | 65 | 0 |
| 2 | अररिया | 0 | 0 |
| 3 | पूर्णियाँ | 7 | 1 |
| 4 | नालंदा | 22 | 10 |
| 5 | शिवहर | 5 | 0 |
| 6 | सीतामढ़ी | 0 | 0 |
| 7 | प0 चम्पारण | 58 | 9 |
| 8 | अरवल | 2 | 0 |
| 9 | जहानाबाद | 1 | 1 |
| 10 | लखीसराय | 38 | 25 |
| 11 | मुंगेर | 65 | 57 |
| 12 | बांका | 9 | 4 |
| 13 | जमुई | 8 | 3 |
| 14 | बेगूसराय | 5 | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15 | खगड़िया | 1 | 0 |
| 16 | कटिहार | 11 | 0 |
| 17 | मधेपुरा | 22 | 4 |
| 18 | सहरसा | 1 | 0 |
| 19 | शेखपुरा | 76 | 48 |
| 20 | सुपौल | 7 | 6 |
| | कुल | 403 | 167 |

उक्त प्रगति प्रतिवेदन पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया गया कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य वर्त्तमान में सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है एवं इसकी नियमित उच्चस्तरीय समीक्षा की जा रही है और ऐसी स्थिति में 50% से भी कम की लक्ष्य प्राप्ति अत्यंत चिंता का विषय है।

निदेशित किया गया कि प्रत्येक दशा में 30 सितंबर 2022 तक प्रथम चरण के सभी राजस्व ग्रामों का प्रारूप प्रकाशन करना सुनिश्चित किया जाए।

4. <u>जिला द्वारा निर्धारित मौजावार लक्ष्य प्राप्ति संबंधित प्रतिवेदनः</u>— बैठक में बन्दोबस्त कार्यालय के स्तर से माह–अप्रैल, मई एवं जून– 2022 के द्वितीय सप्ताह तक किए गए कार्यों की तुलनात्मक प्रगति की समीक्षा की गई और प्रतिवेदन निम्नवत पाया गयाः—

COMPARATIVE REPORT OF APRIL, MAY & JUNE-2022 PHASE-1

| SL.NO. | District | Mauza | Tri-Junction Validation | | | Boundary Verification | | | Boundary Updated Map's Supply | | | Kishtwaar (Mauza) | | | Khanapuri (Mauza) | | | Form-6 Entry in Software (Completed Mauza) | | | LPM & Form-7 Distribution (Mauza) | | | Darft Publication Form-12 (Mauza) (10%) | | | Final Publication Form-20 (Mauza)(5%) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | April 2nd week | May 2nd week | June 2nd week | April 2nd week | May 2nd week | June 2nd week | April 2nd week | May 2nd week | June 2nd week | April 2nd week | May 2nd week | June 2nd week | April 2nd week | May 2nd week | June 2nd week | April 2nd week | May 2nd week | June 2nd week | April 2nd week | May 2nd week | June 2nd week | April 2nd week | May 2nd week | June 2nd week | April 2nd week | May 2nd week | June 2nd week |
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 1 | ARARIA | 144 | 571 | | | 31 | | | 73 | 35 | 144 | 19 | 36 | 86 | 0 | 1 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | ARWAL | 314 | 689 | | | 293 | | | 38 | 51 | 120 | 36 | 45 | 52 | 3 | 4 | 3 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | BANKA | 309 | 864 | | | 309 | | | 290 | 292 | 265 | 185 | 234 | 240 | 22 | 26 | 28 | 6 | 10 | 17 | 6 | 7 | 12 | 0 | 2 | 4 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | BEGUSARAI | 440 | 1359 | | | 482 | | | 234 | 210 | 282 | 194 | 199 | 219 | 89 | 90 | 102 | 243 | 73 | 73 | 59 | 68 | 69 | 47 | 53 | 53 | 21 | 28 | 28 |
| 5 | JAMUI | 166 | 387 | | | 154 | | | 152 | 154 | 102 | 81 | 101 | 80 | 14 | 22 | 13 | 4 | 9 | 6 | 2 | 8 | 8 | 1 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | JEHANABAD | 240 | 631 | | | 240 | | | 46 | 72 | 126 | 41 | 44 | 52 | 7 | 7 | 9 | 4 | 6 | 6 | 1 | 1 | 3 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | KATIHAR | 186 | 371 | | | 143 | | | 126 | 165 | 141 | 81 | 95 | 90 | 13 | 25 | 25 | 3 | 3 | 12 | 3 | 3 | 9 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | KHAGARIA | 163 | 400 | | | 163 | | | 34 | 44 | 157 | 19 | 32 | 38 | 2 | 3 | 4 | 1 | 3 | 4 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | KISHANGANJ | 480 | 1185 | | | 433 | | | 78 | 68 | 269 | 28 | 45 | 80 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | LAKHISARAI | 412 | 825 | | | 321 | | | 151 | 157 | 290 | 112 | 119 | 149 | 56 | 57 | 71 | 43 | 49 | 54 | 37 | 38 | 41 | 24 | 25 | 25 | 8 | 11 | 13 |
| 11 | MADHEPURA | 114 | 342 | | | 114 | | | 101 | 111 | 77 | 64 | 73 | 52 | 17 | 22 | 16 | 6 | 9 | 7 | 5 | 8 | 8 | 1 | 4 | 4 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | MUNGER | 319 | 761 | | | 313 | | | 313 | 317 | 293 | 270 | 302 | 286 | 130 | 134 | 141 | 79 | 87 | 89 | 72 | 78 | 82 | 47 | 51 | 54 | 19 | 19 | 22 |
| 13 | NALANDA | 396 | 989 | | | 396 | | | 396 | 403 | 341 | 232 | 263 | 270 | 34 | 41 | 45 | 30 | 33 | 32 | 23 | 28 | 31 | 4 | 9 | 10 | 0 | 1 | 1 |
| 14 | PURNIA | 72 | 205 | | | 72 | | | 72 | 84 | 84 | 57 | 59 | 59 | 13 | 15 | 24 | 1 | 4 | 9 | 1 | 4 | 8 | 0 | 1 | 1 | 0 | | |
| 15 | SAHARSA | 122 | 361 | | | 122 | | | 122 | 130 | 115 | 100 | 118 | 106 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | SHEIKHPURA | 314 | 934 | | | 314 | | | 305 | 292 | 268 | 278 | 254 | 268 | 75 | 86 | 73 | 69 | 71 | 71 | 66 | 68 | 73 | 31 | 38 | 47 | 16 | 17 | 19 |
| 17 | SHEOHAR | 80 | 249 | | | 80 | | | 80 | 80 | 80 | 18 | 21 | 36 | 5 | 7 | 9 | 0 | 2 | 3 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | SITAMARHI | 253 | 648 | | | 253 | | | 253 | 106 | 130 | 45 | 62 | 88 | 6 | 7 | 7 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | SUPAUL | 262 | 636 | | | 252 | | | 252 | 256 | 252 | 232 | 238 | 242 | 30 | 31 | 33 | 15 | 15 | 16 | 15 | 16 | 16 | 5 | 6 | 6 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | W. CHAMPARAN | 281 | 723 | | | 281 | | | 281 | 288 | 281 | 265 | 276 | 279 | 44 | 55 | 58 | 15 | 22 | 26 | 13 | 15 | 24 | 5 | 8 | 9 | 1 | 1 | 1 |
| | Total:- | 5019 | 13240 | | | 4746 | | | 3395 | 3383 | 3818 | 2361 | 2660 | 2772 | 561 | 635 | 670 | 525 | 396 | 429 | 303 | 343 | 385 | 165 | 200 | 216 | 65 | 77 | 84 |

खानापुरी पर्चा एवं एल0पी0एम0 वितरण की धीमी गति के संबंध में हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, जी0आई0एस0सी0 एवं आई0आई0सी0 द्वारा बताया गया कि एल0पी0एम0 जेनरेट करने में .shp file अपलोड करने में तकनीकी कठिनाई आ रही है, जिस कारण एल0पी0एम0 जेनरेट नहीं हो पा रहा है। बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अभी भी हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के पास बड़ी संख्या में अपडेट करने के लिए मानचित्र लंबित रहने के कारण लक्ष्य के अनुसार प्रगति नहीं हो पा रही है।

बैठक में उपस्थित जी0आई0एस0 कोर्डिनेटर, श्री कुमार कन्हैया को निदेशित किया गया किया कि एन0आई0सी0, बिहार, पटना से संपर्क कर एल0पी0एम0 जेनरेट करने में आ रही समस्याओं को यथाशीघ्र दूर किया जाए। वैसे जिले यथा बेगूसराय, मुंगेर, शेखपुरा, सुपौल, लखीसराय में खानापुरी कार्य की प्रगति तुलनात्मक रूप से अधिक है, वहाँ के प्रारूप एवं अंतिम अधिकार–अभिलेख के प्रकाशन कार्य में तेजी लाई जाए। यह भी निदेश दिया गया कि रैयतों को निर्गत किए जाने वाले एल0पी0एम0 को भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में देखने की सुविधा के बारे में रैयतों को जागरूक किया जाए एवं आवश्यकतानुसार विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार भी किया जाए।

सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि 100 से कम खेसरों वाले ग्रामों की सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र उनका अंतिम अधिकार–अभिलेख एवं मानचित्र का प्रकाशन करना सुनिश्चित किया जाए। वैसे ग्राम जहाँ खेसरों की संख्या बहुत अधिक है, उनमें अतिरिक्त अमीनों को सम्बद्ध कर कार्य निष्पादन में तेजी लाई जाए।

5. <u>हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा प्रक्रमवार आपूर्ति किए जाने वाले मानचित्रों की समीक्षाः</u>– विशेष सर्वेक्षण कार्य में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा प्रक्रमवार अपडेट कर आपूर्ति किए जाने वाले मानचित्रों की समीक्षा की गई, जिसका प्रतिवेदन निम्नवत् है:–

दिनांक 01.06.2022 से 15.06.2022 तक एजेंसी द्वारा निर्गत मैप रिपोर्ट

| एजेंसी का नाम | 01-06-22 | 02-06-22 | 03-06-22 | 04-06-22 | 05-06-22 | 06-06-22 | 07-06-22 | 08-06-22 | 09-06-22 | 10-06-22 | 11-06-2022 | 12-06-2022 | 13-06-2022 | 14-06-2022 | 15-06-2022 | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| IIC | 23 | 21 | 33 | 27 | 0 | 13 | 52 | 29 | 37 | 41 | 45 | 0 | 26 | 32 | 23 | 402 |
| GISC | 22 | 0 | 24 | 71 | 0 | 19 | 5 | 44 | 0 | 0 | 8 | 0 | 7 | 12 | 30 | 242 |
| ILFS/ IEISL | 0 | 0 | 0 | 32 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 10 | 0 | 0 | 42 |

दिनांक 31.05.2022 को एजेंसी के पास लंबित मैप रिपोर्ट

| एजेंसी का | ग्राम सीमा सत्यापन | किस्तवार सत्यापन | खानापुरी सत्यापन पश्चात् | प्रारूप प्रकाशन हेतु | अंतिम प्रकाशन हेतु | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| IIC | 371 | 240 | 50 | 0 | 5 | 666 |
| GISC | 3 | 284 | 29 | 2 | 0 | 318 |
| ILFS | 0 | 32 | 8 | 4 | 1 | 45 |
| | | | | | Total | 1029 |

दिनांक 16.06.2022 को एजेंसी के पास लंबित मैप रिपोर्ट

| एजेंसी का नाम | ग्राम सीमा सत्यापन पश्चात् | किस्तवार सत्यापन पश्चात् | खानापुरी सत्यापन पश्चात् | प्रारूप प्रकाशन हेतु | अंतिम प्रकाशन हेतु | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| IIC | 444 | 349 | 65 | 0 | 0 | 858 |
| GISC | 1 | 145 | 8 | 0 | 0 | 154 |
| ILFS/IEISL | 0 | 12 | 0 | 1 | 0 | 13 |
| | | | | | Total | 1025 |

समीक्षा में पाया गया कि अभी भी बड़ी संख्या में विशेष रूप से आई0आई0सी0 एजेंसी के पास मानचित्र लंबित हैं। बैठक में उपस्थित आई0आई0सी0 एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि प्लॉटर खराब होने के कारण विगत् दो माह से मानचित्रों की आपूर्ति बाधित हुई है। वर्त्तमान में एजेंसी द्वारा अतिरिक्त प्लॉटरों का क्रय किया गया है एवं दो सप्ताह के अंदर सभी लंबित मानचित्रों की आपूर्ति कर दी जाएगी। बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कुछ जिलों में रिविजनल सर्वे का ग्रामवार रकबा प्राप्त नहीं हुआ है एवं एजेंसी द्वारा दिया जानेवाला Parent Child Relationship Data गलत प्रतीत होता है।

निदेशित किया गया कि बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना से सभी जिलों को RS/CS सर्वे का ग्रामवार रकबा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। Parent Child Relationship Data के गलत होने एवं हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा त्रुटि पूर्ण मानचित्रों की आपूर्ति के संबंध में दिनांक– 21.06.2022 को हवाई सर्वेक्षण एजेंसी एवं उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना के साथ बैठक कर एजेंसियों द्वारा दिए जानेवाले मानचित्र एवं डाटा की जाँच कर अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

6. <u>विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के उपस्थिति एवं डायरी की समीक्षाः</u>– बैठक में बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि शिविर प्रभारी–सह–स0ब0प0 एवं कानूनगो द्वारा डायरी भरे जाने के क्रम में ग्राम का चयन आवश्यक होता है, जबकि बैठक अथवा अन्य कार्यों के कारण उनकी उपस्थिति जिला स्तर पर होती है। साथ ही वैसे कर्मी जिनके द्वारा त्याग–पत्र दिया गया है अथवा उनकी सेवा समाप्त की गई है, का डाटा भी डायरी एवं उपस्थिति में प्रदर्शित हो रहा है। अनेक शिविरों में शिविर प्रभारी का पद रिक्त होने के कारण कानूनगो के स्तर से उपस्थिति संधारित करने की सुविधा प्रदान किया जाना आवश्यक है।

आई0टी0 सेल को निदेशित किया गया कि स0ब0प0/कानूनगो के डायरी संधारण में एक अलग विकल्प "Others" का प्रावधान भी किया जाए। वैसे कर्मी जो कार्यरत नहीं है, उनका नाम यथाशीघ्र R2R सॉफ्टवेयर एवं उपस्थिति तथा डायरी से विलोपित करना सुनिश्चित किया जाए।

6. <u>अन्यान्यः</u>– बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि जिला स्तर पर विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को अन्य कार्य यथा विधि व्यवस्था, राहत, चुनाव इत्यादि में लगाए जाने के कारण विशेष सर्वेक्षण का कार्य बाधित होता है। जिला स्तर पर बन्दोबस्त कार्यालय को जिला प्रशासन का भाग मानते हुए जिलास्तरीय प्रत्येक कार्यों में बन्दोबस्त कार्यालय एवं इसके अधीनस्थ कर्मियों को विभिन्न कार्यों में संलग्न किया जाता है। सहरसा के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय स्तर से जिला स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कराये जाने का अनुरोध किया गया ताकि सुनवाई की प्रक्रम में अपने कार्यों का निष्पादन सही ढंग से किया जा सके। उपस्थित हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के प्रतिनिधियों द्वारा लंबित विपत्रों के भुगतान का अनुरोध किया गया।

निदेशित किया गया कि जिला प्रशासन को निदेशालय एवं विभाग स्तर से विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को विशेष सर्वेक्षण के अतिरिक्त अन्य कार्यों में नहीं लगाये जाने का अनुरोध किया जाए। हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के लंबित विपत्रों के भुगतान की समीक्षा कर यथाशीघ्र भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

27/6/22

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांकः** 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019-Part-II......1544......**पटना, दिनांकः**..27/6/2022..

**प्रतिलिपिः–** बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, मुंगेर, नालंदा, शिवहर, बांका, अरवल एवं शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,** 27/6/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019-Part-II......1544......**पटना, दिनांकः**..27/6/2022..

**प्रतिलिपिः–** अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, मुंगेर, नालंदा, शिवहर, बांका, अरवल एवं शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,** 6/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019-Part-II......1544......**पटना, दिनांकः**..27/6/2022..

**प्रतिलिपिः–** श्री अनिल कुमार सिंह, अनुदेशक, चकबन्दी निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,** 6/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019-Part-II......1544......**पटना, दिनांकः**..27/6/2022..

**प्रतिलिपि :–** जिलों से संबंधित तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप
27/6/22

(286)

ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019-Part-II......1544......पटना, दिनांकः 27/6/2022

प्रतिलिपिः– सहायक निदेशक / प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / निदेशालय स्तर के सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 27/6/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019-Part-II......1544......पटना, दिनांकः 27/6/2022

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 27/6/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019-Part-II......1544......पटना, दिनांकः 27/6/2022

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप
27/6/22